तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 17 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 खमढोड़गी बना ग्रामीण पर्यटन और महिला...





14 महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु...









## खबर संक्षेप



### शराबखोरी करते पांच शराबी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस ने आंवरी चौक के पास रोड़ किनारे 15 मई को सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहें गांडागौरी निवासी भावेश कुमार मंडावी पिता देवरू राम मंडावी और खम्मन कचलाम पिता आत्माराम कचलाम को, कण्डेल स्टाप डे के पास भुईगांव निवासी ओमप्रकाश रजक पिता छन्नूराम रजक को, कण्डेल पुल के पास कुरूटोला निवासी कमल प्रकाश जुर्री पिता उदेराम जुर्री और अंतागढ़ पुलिस ने कृषि उपज मंडी अंतागढ़ के पास आरोपी पीतामबर उईके पिता टटियाराम उईके को सार्वजिनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भानुप्रतापपुर आएंगे आज टीएस सिंहदेव

**दुर्गुकोंदल।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का आज 17 मई को भानुप्रतापपुर आगमन प्रस्तावित है। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। दौरे के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री स्थानीय कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्रीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

### श्रद्धा के साथ मना वट सावित्री पर्व

**कांकेर।** शहर के उदय नगर वार्ड में 16 मई को माताओं द्वारा वट वृक्ष सावित्री पूजा किया गया। माताओं और सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। पूजा के लिए लिए वार्ड पार्षद ने वट वृक्ष स्थल की साफ सफाई कराई। साथ ही टेंट कुर्सी की भी व्यवस्था भी कराई गई। इस व्यवस्था के कारण सभी माताओं, सुहागिनों को पूजा पाठ करने में कोई परेशानी नही हुई। उदय नगर के सभी माताओं बहनों ने शिव मंदिर एवं सांस्कृतिक भवन के वट वृक्ष स्थल पर मां वट सावित्री की उपवास रख पूजा अर्चना की किया।

# डांगरा के सरकारी तालाब पर निजी दावे से ग्रामीणों में आक्रोश, मामला निपटाने दिया अल्टीमेटम

- एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर 25 मई से अनिश्चितकालीन होगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम डांगरा में स्थित शासकीय तालाब की भूमि को लेकर विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्राम पंचायत भंडारडिगी एवं डांगरा के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर तालाब भूमि पर निजी स्वामित्व का दावा करने वाले लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर स्थानीय प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 25 मई से तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन के अनुसार ग्राम डांगरा स्थित शासकीय तालाब, जिसका खसरा क्रमांक 597 बताया गया है, पर कुछ लोगों द्वारा निजी मालिकाना हक जताया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चंद्रराम नरेटी, मानबाई नरेटी, ललिता बाई नरेटी, सददो बाई, नंदलाल नरेटी, वीरेंद्र मरकाम, सुरेंद्र नरेटी, रूखमनी नरेटी, शनिराम नरेटी एवं देवली नरेटी सहित अन्य लोग तालाब की



भूमि को अपनी निजी जमीन बताकर दावा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि स्पष्ट रूप से शासकीय तालाब के रूप में दर्ज है और वर्षों से गांव के लोग इसका उपयोग जल संग्रहण, पशुओं के पानी एवं अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए करते आ रहे हैं। ऐसे में तालाब भूमि पर निजी स्वामित्व का दावा गांव की सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जे की कोशिश माना जा रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे गांव में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब भूमि को अतिक्रमण और निजी दावों से मुक्त नहीं कराया गया, तो क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### तहसीलदार के साथ ही पुलिस के संज्ञान में लाया गया

*ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रामप्रसाद गावड़े, देवदयाल यादव, सुंदर निषाद, राजेंद्र नरेटी, बृजलाल मरकाम, जंगलूराम, जोहनलाल, जीवनलाल, हीरे सिंह, जयलाल, बिसाहूराम, घनश्याम, मदन, लालसाय, मोहन, रामवती, हरिराम एवं आनंद सहित बड़ी संख्या में पहुँचे ग्रामीणों ने कहा कि इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से पहले प्रशासन आवश्यक कदम उठा सके।*

## कांकेर पुलिस ने कांग्रेस नेता और उसकी शिक्षक पत्नी को बनाया आरोपी

# किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व बर्खास्त आरक्षक ने जमीन के नाम पर की 35 लाख 80 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस विभाग में आरक्षक से बर्खास्त हुए भौम सिंह नाग ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में आना जाना करने लगे और बहुत ही कम समय में किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री का पद पा लिया। ठगी के शिकार हुए आरक्षक की शिकायत पर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व बर्खास्त आरक्षक भौमसिंह नाग और उसकी शिक्षिका पत्नी रंजना नाग के खिलाफ धारा 420 और 34 (भादवि) के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है। रक्षित केंद्र कांकेर में पदस्थ आरक्षक हेमराज वट्टी ने कांकेर पुलिस को लिखित में आवेदन दिया कि कांकेर कोतवाली से सेवानिवृत्त निरीक्षक आरपी सिंह ने मुझे गोद लिया था और वर्ष 2019 में सेवानिवृत्त निरीक्षक आरपी सिंह ने पेट्रोल पंप खोलने के लिए जमीन खरीदने की इच्छा जताई थी। आरक्षक हेमराज वट्टी ने सेवानिवृत्त निरीक्षक के आदर्शनगर स्थित घर पर बर्खास्त आरक्षक भौमसिंह नाग से मुलाकात कराया। बर्खास्त आरक्षक व वर्तमान में किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री भौमसिंह ने बताया कि मेरी पत्नी शिक्षिका मुसुरपुट्टा निवासी रंजना नाग के नाम पर ग्राम कन्हारपुरी तहसील कांकेर में रोड से लगी खसरा क्रमांक 1370/2, रकबा 70 डिसमिल जमीन है, जिसमें से वे 50 डिसमिल जमीन बेचना चाहते हैं।

तत्कालीन पटवारी सुधीर लकड़ा और अविनाश ठाकुर से सीमांकन कराने के बाद जमीन का सौदा 37 लाख 50 हजार रूपएं में मेरे नाम पर तय हुआ। इसके उपरांत 3 अगस्त 2021 को नोटरी कांकेर के समक्ष 50 रूपए के स्टांप पेपर पर बकायदा इकरारनामा तैयार किया गया। सेवानिवृत्त निरीक्षक आरपी सिंह ने अपनी पेंशन की राशि और पैतृक भूमि को बेचकर विभिन्न किस्तों में कुल 32 लाख 50 हजार रूपएं नगद दिए। इसके अलावा रंजना नाग और भौमसिंह नाग के फोन-पे नंबरों पर तथा उनके वाहन चालक को नगद मिलाकर कुल 3 लाख 30 हजार रूपएं और दिए गए। इस प्रकार आरोपियों को कुल 35 लाख 80 हजार रूपएं का भुगतान किया गया। भुगतान के वक्त रंजना नाग ने अपनी तबियत खराब होने का बहाना बनाकर बाद में रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिलाया था।



### सौदा मेरे से, जमीन दूसरे को बेच दी

रकम प्राप्त होने के 3 साल बाद भी जब आरोपी रजिस्ट्री कराने में टालमटोल करते रहे, तब पीड़ित पक्ष को शक हुआ। छानबीन करने पर पता चला कि आरोपियों ने उसी भूमि को 21 सितंबर 2023 को कोदागांव निवासी शैलेंद्र पटेल को 20 वर्ष के लिए लीज पर दे दिया। इसके बाद वर्ष 2025 में उसी जमीन में से 12 डिसमिल रविशंकर नेताम, 10 डिसमिल कुसुमलता सोम और 40 डिसमिल नितिन कुमार गुना को बेच दी गई।

### पैसा लौटाने का वादा किया, परंतु नहीं लौटाया

*जमीन को दूसरे के नाम से बेचने का खुलासा होने पर बर्खास्त आरक्षक व किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं उसकी पत्नी रंजना नाग जो शिक्षक है, उनको पैसा वापिस करने का दबाव बनाया गया। इस पर बर्खास्त आरक्षक व किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री स्वंय सेवानिवृत्त निरीक्षक के घर पहुँचकर लिखित आश्वासन दिया कि वह 15 अक्टूबर 2024 तक पैसे वापस कर देगा, लेकिन तय तारीख बीत जाने के बाद न तो पैसे लौटाया गया और न ही जमीन की रजिस्ट्री हो पाई।*

### दत्तक पुत्र ने लिखित में दी शिकायत, दर्ज हुआ मामला

*सेवानिवृत्त निरीक्षक के दत्तक पुत्र आरक्षक हेमराज वट्टी ने कांकेर थाना में लिखित में शिकायत दिया और उसके आधार पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया बर्खास्त आरक्षक व किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री भौमसिंह नाग और उसकी पत्नी शिक्षिका रंजना नाग के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।*

# पेट्रोल-डीजल और गैस संकट पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला



- जनता परेशान, सरकार दे रही कम खर्च-कम उपयोग की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस संकट को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और अब प्रधानमंत्री लोगों को "कम उपयोग" तथा "कम खर्च" की सलाह देकर जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर में पिछले दो महीनों से पेट्रोल, डीजल और गैस की समस्या बनी हुई है, वहीं महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इसके बावजूद सरकार समाधान निकालने के बजाय जनता से त्याग करने की अपील कर रही है। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों को उर्वरकों का कम उपयोग करने, कामकाजी वर्ग को वर्क फ्रॉम होम अपनाने, महिलाओं को गैस और खाद्य तेल कम खर्च करने, यहां तक कि लोगों को सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्राओं से बचने की सलाह दे रहे हैं। कांग्रेस ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि जब व्यवस्था संभालने में सरकार असफल हो जाती है, तब उसका बोझ जनता पर डाल दिया जाता है। नेताओं ने कहा कि देश में वर्षों से उर्वरकों की कमी बनी हुई है, लेकिन केंद्र सरकार किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने में असफल रही है। छत्तीसगढ़ का उदाहरण देते हुए बताया गया कि राज्य में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की आवश्यकता है, जबकि अब तक केवल 51 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही सोसायटियों तक पहुंच पाया है। महंगाई को लेकर कांग्रेस ने दावा किया कि वर्ष 2013 की तुलना में आज रसोई का बजट कई गुना बढ़ चुका है। आटा, दाल, तेल, दूध, रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। नेताओं ने कहा कि जहां वर्ष 2013 में सोने की कीमत 28 से 29 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम थी, वहीं अब यह डेढ़ लाख रुपये के करीब पहुंच गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार बनने के बाद पेट्रोल 70 रुपये से बढ़कर 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया, जबकि डीजल भी 95 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुका है।

पत्रकारवार्ता में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व बालोद विधायक संगीता सिन्हा, राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राजेश तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर अध्यक्ष बसंत यादव, विधायक भानुप्रतापपुर विधानसभा सावित्री मनोज मांडवी, नितिन पोटाई, मिथिलेश शोरी, प्रभारी महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा शामिल रहे।

### इलाज के लिए लाए युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में इलाज के लिए लाए युवक का 15 मई को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक धमतरी जिला के दुगली थानांतर्गत चिवर्री टिकरापारा निवासी 20 वर्षीय सोनूराम शोरी पिता बैशाखू को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पत्थर मारकर बेटे ने पिता का फोड़ा सिर, माता-पिता और बहनों पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुरना में एक सनसनीखेज पारिवारिक हिंसा का मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने मामूली बात पर अपने ही पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने अपनी शादीशुदा बहन के घर आने से नाराज होकर माता-पिता और दोनों बहनों के साथ बेरहमी से मारपीट की और अपने पिता के सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें लहूलुहान कर



दिया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम कुरना निवासी 53 वर्षीय पीताम्बर यादव ने पुलिस को बताया कि मंझला बेटा 27 वर्षीय मनीष कुमार यादव स्वभाव से बेहद झगड़ालू है। उसने साल 2025 में अपनी पसंद से प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद से वह आए दिन घर में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करता रहता था। बेटे की इसी हरकतों से परेशान होकर हम पति पत्नी पिछले कुछ दिनों से घर में ही उससे अलग रह रहे थे। बड़ी बेटी रेणुका यादव, जिसका विवाह रायपुर के तुलसीमानपुर में हुआ है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## वट सावित्री पर सुहागिनों ने किया सोलह श्रृंगार

# आस्था, परंपरा और अखंड सौभाग्य का पर्व वट सावित्री व्रत पर महिलाओं की उमड़ी श्रद्धा

### वट वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी पति की दीर्घायु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ज्येष्ठ माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला सनातन धर्म का बेहद पवित्र और आस्था का प्रतीक वट सावित्री व्रत शनिवार को पूरे जिलेभर में पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और अटूट विश्वास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह कठिन निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही पूजा की थाली सजाकर, नए वस्त्रों और सोलह श्रृंगार में सजी-धजी महिलाओं का हुजूम शहर के विभिन्न मंदिरों और बरगद (वट) के वृक्षों के नीचे उमड़ पड़ा। शनिवार 16 मई को सुबह के शुभ मुहूर्त से ही वट वृक्षों के आस-पास का माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सबसे पहले वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित किया और फिर रोली, अक्षत, फूल, भीगे हुए चने, फल और मिठाई से विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। ▶▶| शेष पेज 12 पर



### सोशल मीडिया पर भी दिखी पर्व की रंगत

बदलते दौर के साथ इस पारंपरिक त्योहार में आधुनिकता का रंग भी देखने को मिला। पूजा संपन्न करने के बाद महिलाओं ने अपनी सहेलियों और परिवार के साथ वट वृक्ष के नीचे सेल्फी ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'वट सावित्री पूजा' के हैशटैग के साथ खूबसूरत तस्वीरें और रील्स सुबह से ही ट्रेंड करती रहीं। दूर-दराज रहने वाले पतियों को वीडियो कॉल के जरिए पत्नियों ने पूजा के दर्शन कराए और उनका आशीर्वाद लिया।

### मान्यता की झलक

सनातन परंपरा में वट वृक्ष (बरगद) को देव वृक्ष माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस वृक्ष की जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और शाखाओं में भगवान शिव का वास होता है। वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।




## खबर संक्षेप



### ओलावृष्टि के साथ फरसगांव क्षेत्र में झमाझम बारिश

**फरसगांव।** क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गई। बड़ेडोंगर क्षेत्रों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम पूरी तरह बदल गया। फरसगांव, बोरगांव सहित आसपास के कई गांवों में तेज बारिश होने से सड़कों और गलियों में पानी भर गया। बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडी हवाएं चलने लगीं। बच्चे और युवा बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं किसान भी इस बारिश से खुश दिखाई दिए। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और आगामी खेती कार्यों में फायदा मिलेगा। हालांकि तेज बारिश के चलते कुछ जगहों पर लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। मौसम बदलने से पूरे क्षेत्र में ठंडक और ताजगी का माहौल बना हुआ है।

### डीजल नहीं मिलने पर फरसगांव पेट्रोल पंप में हंगामा



**फरसगांव।** नगर के पेट्रोल पंप में शनिवार सुबह डीजल को लेकर जमकर हंगामा देखने को मिला। सुबह करीब 10:30 बजे आसपास के गांवों से डब्बों में डीजल लेने पहुंचे लोगों को डीजल नहीं मिलने पर नाराजगी बढ़ गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। मामले की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाइश देते हुए सड़क से हटाया और शांतिपूर्वक लाइन लगाकर डीजल लेने की अपील की। करीब 1 से 2 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो गई। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी पुलिस को दें, सड़क जाम करना कानूनन अपराध है। वहीं पेट्रोल पंप संचालक को भी भीड़ को देखते हुए व्यवस्थित ढंग से डीजल-पेट्रोल वितरण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस की समझाइश के बाद लोगों ने बारी-बारी से डीजल लिया और पेट्रोल पंप में स्थिति सामान्य हो गई।

### ट्रक चालक की लापरवाही से बाइक सवार की मौत

**कांकेर।** बुड़ासुरसई नाला के पास ट्रक को पीछे लेते समय वाहन में दबने से एक ग्रामीण की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 14 मई को सुबह लगभग 6 मृतक सरोना थानांतर्गत ग्राम साल्हेटोला निवासी 58 वर्षीय राजू राम भास्कर पिता स्व.दशरथ भास्कर अपने बेटा निलेश भास्कर के साथ नारायणपुर से अपने गृह ग्राम साल्हेटोला अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 21 बी 2388 से जा रहे थे। बुड़ाखुरसई नाला के पास ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजी 9217 नाला पार कर रहा था। नाला पार करते समय ट्रक रूक गया। उसी समय अचानक ट्रक चालक व्दारा अपने ट्रक को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते पीछे रिवर्स किया, ट्रक अनियंत्रित होकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राजूराम भास्कर ट्रक के पीछे चक्का में दबकर कुछ दूर घसीटा गया।

## निधन

### पितांबर सिंग

**रायपुर।** टेकारी वाले मठमुरेना निवासी पितांबर सिंग पिता चंद्रीका प्रसाद ठाकुर उम्र 70 वर्ष का 16 मई को आज शाम 5 बजे निधन हो गया। अनका अंतिम संस्कार 17 मई को महादेव घाट में सुबह 10 किया जाएगा। ठाकुर समाज ने श्रद्धांजली अर्पित की। वे तपनसिंग के बड़े भाई और गोपन्ना राम जी के बड़े पिता जी थे।



# ज्येष्ठ अमावस्या पर आस्था का संगम : कोंडागांव में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत

- मंदिरों और वट वृक्षों के पास सुबह से उमड़ी महिलाओं की भीड़
- सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर शुक्रवार को कोंडागांव नगर में वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और वट वृक्षों के पास सुबह से ही सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा और पूजा स्थलों पर भक्ति गीतों एवं मंत्रेच्चार की गूंज सुनाई देती रही। 16 श्रृंगार में सजी महिलाओं ने किया वट वृक्ष का पूजन – वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार कर विधि–विधान के साथ बरगद वट वृक्ष की पूजा–अर्चना की। महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा की तथा अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने व्रत कथा का श्रवण किया और माता सावित्री



की अटूट निष्ठा एवं समर्पण को स्मरण किया। सावित्री–सत्यवान की कथा का विशेष महत्व – धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का संबंध माता सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि सावित्री ने अपने तप, भक्ति और –ढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण यह व्रत वैवाहिक जीवन की सुख–समृद्धि और पति की लंबी आयु के लिए किया जाता है। मंदिरों में दिनभर बना रहा भक्तिमय माहौल – नगर के प्रमुख मंदिरों और वट वृक्ष स्थलों पर दिनभर पूजा–अर्चना का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन–कीर्तन कर धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। कई स्थानों पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर उत्सव का आनंद लिया।

बाजारों में भी दिखी रौनक – वट सावित्री व्रत को लेकर शहर के बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। पूजा सामग्री, फल, फूल, श्रृंगार सामग्री और व्रत से जुड़ी वस्तुओं की दुकानों पर सुबह से खरीदारों की भीड़ लगी रही। विशेष रूप से लाल–पीली चुनरी, पूजा की थाली और रक्षा सूत्र की खरीदारी अधिक रही।

## भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल से संरक्षित होगी भारतीय ज्ञान परंपरा

# ज्ञान भारतम परियोजना से जुड़ रहा कोंडागांव

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी जारी ताड़पत्र पांडुलिपियों का सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना "ज्ञान भारतम" के अंतर्गत कोंडागांव जिले में भारतीय मौलिक परंपरागत ज्ञान के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य लगातार जारी है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी जिले में ताड़पत्र पांडुलिपियों के सर्वेक्षण का कार्य सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। यह परियोजना देशभर में भारतीय पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों को संरक्षित कर उन्हें डिजिटल माध्यम से वैश्विक शोध एवं ज्ञानार्जन के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### जिला कलेक्टर की उपस्थिति में हुआ कार्य का शुभारंभ

*कोंडागांव जिले में इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ जिला कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया के निर्देशन में किया गया। सर्वेक्षण की शुरुआत विकासखंड एवं जिला कोंडागांव के ग्राम बड़ेकनेरा स्थित मारीगुड़ा लिमऊगुड़ा पारा निवासी रामूराम यादव के संरक्षण में रखी गई 08 ताड़पत्र पांडुलिपियों के चिन्हांकन से हुई।*



### माकड़ी विकासखंड में भी मिला प्राचीन ज्ञान का खजाना

इसी क्रम में विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत अमरावती के चौंकपारा एवं पटेलपारा में संरक्षक हिरामन मौर्य एवं निरंजन मानिकपुरी के पास सुरक्षित ताड़पत्र पांडुलिपियों का भी "ज्ञान भारतम" मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। इन पांडुलिपियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर उन्हें दीर्घकालीन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

### शिक्षकों और शिक्षाविदों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

सर्वेक्षण कार्य को सफल बनाने में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्य में हितेंद्र कुमार श्रीवास प्रधान अध्यापक, शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल, अंकित गुप्ता व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी तथा गौरव उपाध्याय प्रधान अध्यापक, सेजेस माकड़ी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को मिलेगा वैश्विक मंच

*विशेषज्ञों के अनुसार ज्ञान भारतम परियोजना भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, आयुर्वेद, ज्योतिष, दर्शन, कृषि, लोक विज्ञान एवं अन्य पारंपरिक विषयों से जुड़ी दुर्लभ पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस परियोजना के माध्यम से प्राचीन भारतीय ज्ञान को शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विश्व समुदाय तक डिजिटल माध्यम से पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा।*

### मोबाइल एप से आसानी से कर सकते हैं पांडुलिपियों का सर्वेक्षण

*परियोजना के तहत आम नागरिक भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल के प्ले स्टोर से "ज्ञान भारतम" एप डाउनलोड कर पांडुलिपियों की जानकारी अपलोड की जा सकती है। एप में उपलब्ध कैमरा सुविधा के माध्यम से पांडुलिपि के प्रथम, मध्य एवं अंतिम पृष्ठ का छायाचित्र लेकर अथवा गैलरी से जियोटैग्ड फोटो अपलोड कर सर्वेक्षण प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।*

### राष्ट्रहित में अनूठी पहल

*भारतीय ज्ञान धरोहर को संरक्षित और डिजिटाइज करने की यह पहल न केवल सांस—तिक विरासत को बचाने का कार्य कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो रही है।*

# ग्रामीणों को बैंकिंग अधिकारों डिजिटल सुरक्षा और साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिगी विकासखंड दुर्गुकोंदल में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, बैंकिंग योजनाओं एवं वित्तीय सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला लीड बैंक के अधिकारी जीएस राणा ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। सही वित्तीय जानकारी एवं समझ के माध्यम से व्यक्ति अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत और व्यवस्थित बना सकता है। उन्होंने बैंक उपभोक्ताओं को अपने जमा धन, निवेश एवं बैंकिंग सेवाओं की पूरी जानकारी प्राप्त करने के अधिकार के बारे में भी बताया और साथ ही कहा कि यदि बैंक द्वारा उचित जानकारी नहीं दी जाती है तो उपभोक्ता बैंकिंग लोकपाल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कौशल कुमार मांझी ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जमाकर्ताओं एवं बैंक उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग अक्सर चिटफंड कंपनियों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और एटीएम धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए वित्तीय जागरूकता बेहद जरूरी है। शिविर में दुर्गूकोंदल की काउंसलर यसवंती यादव ने बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, केवाईसी, बचत योजनाएं, ऋण प्रबंधन, उपभोक्ता अधिकार, बैंकिंग लोकपाल तथा चिटफंड एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दीं और साथ ही डिजिटल बैंकिंग एवं सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन के उपायों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीसी सखी द्वारा भी ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं एवं डिजिटल भुगतान प्रणाली की जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार कराने की मांग की।

# खेत नपवाने की बात को लेकर विवाद तीन भाइयों ने मिलकर की मारपीट

**कांकेर।** जमीन संबंधी बात को लेकर पीड़ित के साथ बुआ के लड़कों ने मिलकर मारपीट की व उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रावघाट थाना में शिकायत करने पहुंचे कुम्हारी निवासी 40 वर्षीय सुरेश कुमार बेलसरिया पिता राजेन्द्र बेलसरिया ने पुलिस को बताया कि किसानी का काम करता हूं। हमारी पूर्वजों का खेत ग्राम कुम्हारी में है, जिसका 15 मई को हल्का पटवारी के द्वारा नाप जोख करने के लिए आए थे। उसी दौरान मेरी बुआ के लड़के केशव साहू, गामेश साहू एवं लक्ष्मण उर्फ लल्लू साहू तीनों मिलकर मुझे गाली देने लगे। कहने लगे खेत नापवाने वाला तू होता कौन है, यह खेत हमारा है। केशव साहु, गामेश साहू एवं लक्ष्मण उर्फ लल्लू साहू मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। तब मैं किसी तरह वहां से भाग कर थाना आया जहां मेरा मुलाहिजा कराया गया, उसके बाद मै सुबह अपने परिवार के साथ आकर रिपोर्ट लिखाउंगा कहकर घर चला गया था। रात करिबन 8 बजें जब मैं अपने परिवार के साथ अपने चाचा दीपक बेलसरिया के घर से खाना खाकर वापस आ रहा था। उसी समय केशव साहु, गामेश साहू एवं लक्ष्मण उर्फ लल्लू साहू ने मेरा रास्ता रोककर गाली गलौच कर करते हुए कहने लगा कि तू हमारे काम में अडंगा डालता है। ऐसा कहकर मेरे साथ हाथ मुक्के से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरा गला दबा दिया। मुझे मार खाता देख मेरी पत्नी सरिता बेलसरिया आई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी केशव साहू, गामेश साहू, लक्ष्मण उर्फ लल्लू साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# उसरीबेड़ा में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर पेयजल सुविधा के लिए जारी हैं कई कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम जोबा में पेयजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। ग्राम जोबा के आश्रित पारा उसरीबेड़ा में लगभग 150 की आबादी निवासरत है। यहां कुल 6 नलकूप खनित किए गए हैं, जिनमें 2 हैंडपंप एवं 2 पावर पंप वर्तमान में चालू हैं। शेष 2 नलकूप ग्रीष्मकाल में भू–जल स्तर कम होने के कारण अस्थायी रूप से बंद हैं। क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने एवं घरेलू नल कनेक्शन देने का कार्य जारी है।

ग्राम जोबा की कुल आबादी लगभग 2639 है। यहां विभाग एवं पंचायत द्वारा कुल 52 नलकूप खनित किए गए हैं। वर्तमान में 16 हैंडपंप और 16 पावर पंप संचालित हैं, जबकि जल स्तर घटने के कारण 19 हैंडपंप अस्थायी रूप से बंद हैं।

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम जोबा के डोंगरीपारा में निर्मित जल टंकी के लिए 4 अप्रैल



2026 को बसाहट से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर सफल जल स्त्रोत का खनन किया गया है। यहां विद्युत कनेक्शन एवं राइजिंग मेन पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया जारी है।

ग्राम जोबा में जल जीवन मिशन के तहत कुल 637 घरेलू नल कनेक्शन तथा 3 जल टंकियां प्रस्तावित हैं। इनमें से 2 टंकियों का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जबकि एक टंकी का कार्य प्रगति पर है। विभाग के अनुसार सभी कार्य पूर्ण होने के बाद वर्ष 2026 में ग्राम जोबा में नियमित एवं बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## वट सावित्री व्रत पर उमड़ी आस्था

# सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों और वट वृक्षों के पास सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सजकर विधि-विधान के साथ बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा व्रत कथा श्रवण किया।

महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। दोपहर के समय नगर के शिव मंदिर के पीछे, साईं मंदिर के पास तथा अन्य स्थानों पर स्थित वट वृक्षों के नीचे विशेष पूजा और कथा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पूजा स्थलों पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पालन किया। व्रत के दौरान महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल-फूल और धागे के साथ वट वृक्ष की पूजा की। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से व्रत कथा का आयोजन भी किया गया। नगर के मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है।

## पूर्व विधायक रेखचंद जैन बोले : मोदी सरकार आम जनता की परेशानियों को समझने में विफल

# महंगाई और पेट्रोल–डीजल संकट पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

देश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि तथा ईंधन संकट को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर कोंडागांव में आयोजित प्रेसवार्ता में जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रेखचंद जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में देशवासियों से की गई अपील ने आम जनता की समस्याओं को कम करने के बजाय उनके "जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है।

रेखचंद जैन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने, कामकाजी लोगों को घर से काम करने, महिलाओं को खाद्य तेल और गैस कम खर्च करने तथा लोगों को सोना और विदेश यात्र से बचने की सलाह दे रहे हैं, जबकि सरकार का दायित्व समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही उर्वरकों की कमी और महंगे दामों से परेशान हैं। ऐसे में उत्पादन प्रभावित हो रहा है और किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।



### छत्तीसगढ़ में अभी भी उर्वरक की भारी कमी

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है, लेकिन अब तक जरूरत के मुकाबले बहुत कम मात्र ही सहकारी समितियों तक पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को खेती कार्य में कठिनाई हो रही है।

### पेट्रोल–डीजल के बढ़ते दामों पर सरकार को घेरा

प्रेसवार्ता में कहा गया कि पिछले वषोंर् में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर आम जनता और परिवहन व्यवस्था पर पड़ा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रें में पेट्रोल और डीजल की कमी से लोग कई दिनों से परेशान हैं।

### महंगाई से बिगड़ा रसोई का बजट

रेखचंद जैन ने कहा कि खाद्य तेल, गैस सिलेंडर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाएं अब हर जरूरी वस्तु में कटौती करने को मजबूर हैं।

### सोने की कीमतों को लेकर भी उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि पिछले एक दशक में सोने की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए सोना खरीदना कठिन हो गया है।

### आम आदमी कर्ज में डूब रहा

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, टोल टैक्स, रेल किराया और जीएसटी जैसी नीतियों के कारण आम लोगों की आय और बचत दोनों प्रभावित हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में परिवार अब खर्च चलाने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं।

### कांग्रेस नेताओं की रही मौजूदगी

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि घोष, महामंत्री रितेश पटेल, प्रदेश सचिव सकुर खान, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, मर्दापाल ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम, हेमू उपाध्याय, विशाल शर्मा और शिव मंडावी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### पत्थर मारकर बेटे ने पिता...

गांव में अपनी सहेली की शादी में शामिल होने के लिए मायके आई थी। बड़ी बहन को घर पर देखकर मनीष यादव आपे से बाहर हो गया। बीती रात करीब 9 बजे उसने रेणुका पर घर बिगाड़ने और लड़ाई कराने का झूठा आरोप लगाते हुए गालियां देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे पीटने के लिए दौड़ाया। बेटी को बचाने के लिए मै, अनीता यादव और गीता यादव बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी मनीष का गुस्सा और बढ़ गया। उसने सभी को जान से मारने की धमकी दी और पास ही पड़े एक भारी पत्थर को उठाकर मेरे सिर पर दे मारा। पत्थर लगने से सिर फट गया और खून से लथपथ हो गए। इतना ही नहीं आरोपी ने अपनी मां अनीता यादव को भी बेरहमी से जमीन पर पटक दिया, जिससे उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आस्था, परंपरा और अखंड...

इसके बाद, यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाने वाली सती सावित्री की कथा सुनी गई। पूजा के सबसे मुख्य हिस्से में, महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर 7, 11, 21 या 108 बार परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत (रक्षा सूत्र) को तने पर लपेटा। यह सूत केवल एक धागा नहीं, बल्कि पति-पत्नी के सात जन्मों के अटूट रिश्ते और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। वृक्ष की परिक्रमा करते हुए महिलाओं के होंठों पर अपने सुहाग की लंबी उम्र की दुआएं और पारंपरिक मंगल गीत थे, जिससे पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। वट सावित्री का यह व्रत केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में निहित त्याग, समर्पण और दांपत्य जीवन के अटूट प्रेम की खूबसूरत बानगी पेश करता है।

## खबर संक्षेप

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने खराब हैंडपंपों को सुधारा



**दंतेवाड़ा।** विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम पखनाचुआ में वर्तमान में गांव के सभी हैंडपंप सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं तथा पेयजल व्यवस्था सामान्य है।
ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल स्वच्छता मिशन देवेश कुमार ध्रुव तथा कार्यपालन अभियंता एवं सचिव जिला जल स्वच्छता मिशन जगदीश कुमार के निर्देशन में विभागीय टेक्नीशियन एवं हेल्पर दल को तत्काल ग्राम पखनाचुआ भेजा गया। इस दौरान टीम द्वारा गांव में स्थापित सभी 6 हैंडपंपों का भौतिक परीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गांव के 6 हैंडपंपों में से 2 हैंडपंप लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, 3 हैंडपंप ग्राम पंचायत तथा 1 हैंडपंप एनएमडीसी के अंतर्गत संचालित हैं। इनमें से 2 हैंडपंप पहले से ही चालू स्थिति में थे। वहीं 2 हैंडपंपों में पाइप लीकेज के कारण पानी आने में विलंब हो रहा था तथा 2 अन्य हैंडपंपों में जलस्तर नीचे चले जाने से पानी नहीं निकल रहा था, जिससे लगभग 10 घर प्रभावित थे। विभागीय टीम द्वारा तत्काल संधारण कार्य करते हुए पाइप संख्या बढ़ाई गई एवं सभी प्रभावित हैंडपंपों को पुनः चालू किया गया। वर्तमान में गांव के सभी 6 हैंडपंपों से नियमित रूप से पानी उपलब्ध हो रहा है।

### गढ़मिरी में पेयजल व्यवस्था में 53 हैंडपंप

**दंतेवाड़ा।** विकासखण्ड कुआकोण्डा अन्तर्गत ग्राम गढ़मिरी में सर्वसुलभ पेयजल प्रणाली सुचारू रूप संचालित है जो राज्य शासन के मंशानुसार सुदुर ग्रामों में सुदृढ़ पेयजल प्रणाली के व्यवस्थापन का स्पष्ट प्रमाण है। इस क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम गढ़मिरी में विभाग द्वारा लगभग 13 पारे के ग्राम के लिए 53 हैंडपंप व 6 नग 6 मी. के सोलर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत 14 नग सोलर टंकी का कार्य भी किया गया जो की स्थल में चालू स्थिति में हैं। इस ग्राम के अन्य पारा मोहल्ला पुतमरकापारा में घरों की संख्या लगभग 110 हैं। इस पारा में 9 नग हैंडपंप व 4 नग सोलर जे. जे.एम. तथा 1 नग 6 मी. की सोलर मिलाकर कुल 14 पानी पीने के लिए स्त्रोत उपलब्ध हैं एवं सभी चालू स्थिति में है।

# युवा कलाकार उत्तम का ओएसओए में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम के युवा कलाकार उत्तम साहू का चयन राष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल वन स्टेट वन आर्टिस्ट ओएसओए के लिए हुआ। यह

■ छत्तीसगढ़ की टेराकोटा कला को मिली पहचान

बस्तर अंचल और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध टेराकोटा कला का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देशभर में पहुंचाया। 1 से 9 मई तक नशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित इस विशेष पहल में देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित 38 युवा लोक एवं पारंपरिक कलाकारों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की पारंपरिक और लोक कला विरासत को संरक्षित करना तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करना है।

उत्तम ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली टेराकोटा कला को जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर



प्रस्तुत किया। उन्होंने मिट्टी से बने बर्तन, देव मूर्तियां और आदिवासी जीवन शैली को दर्शाती कलाकृतियों के जरिए छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला परंपरा से देशभर के कलाकारों और दर्शकों को परिचित कराया। कार्यक्रम के दौरान उत्तम ने अन्य राज्यों के कलाकारों के साथ सहयोगात्मक कलाकृतियां तैयार किए तथा कला कार्यशालाओं, सांस्कृतिक संवाद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस राष्ट्रीय पहल में छत्तीसगढ़ से अन्य युवा कलाकारों का भी चयन हुआ। सुरेंद्र सोनी ने प्रसिद्ध लोक कला ढोकरा का प्रतिनिधित्व किया।

युवा आर्टिस्ट प्रकाश गर्ग ने कहा परिकल्पित ओएसओए का उद्देश्य भारत की लोक कला परंपराओं को युवाओं के माध्यम से नई पहचान देना और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाना है। पूर्ण रूप से प्रायोजित इस पहल ने युवा कलाकारों को अपनी लोक परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने, अन्य राज्यों की कला शैलियों को समझने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया। उत्तम साहू का यह चयन गीदम, बस्तर एवं पूरे छत्तीसगढ़ की लोक कला परंपरा के लिए गर्व का विषय है। यह दर्शाता है कि राज्य के युवा कलाकार आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुंचा रहे हैं।

## पति की दीर्घायु की कामना की

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर में वट सावित्री व्रत परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष जेष्ठ माह की अमावस्या तिथि को सुहागिन

■ वट वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, इसकी पूजा से परिवार में आती है सुख-समृद्धि

महिलाएं अपने पति के कल्याण, दीर्घायु एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना से यह व्रत करती हैं। सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर नगर के बरगद पेड़ों के पास एकत्र हुईं। वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान की प्रतिमा स्थापित कर रोली, अक्षत, कलावा, फूल, फल, धूप-दीप से विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने वट वृक्ष को जल अर्पित किया, कच्चा सूत लपेटकर 7 या 11 बार परिक्रमा की और कथा श्रवण किया। पंडित विजय कुमार दुबे ने बताया कि प्राचीन काल में सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने के लिए यह कठोर व्रत किया था।

उनके सतीत्व और संकल्प से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान को जीवनदान दिया। तभी से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए यह व्रत रखती हैं। उन्होंने कहा कि वट वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, इसकी पूजा से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

गीदम ब्लॉक के ग्राम बुधपदर व कासोली में भी महिलाओं ने बड़े श्रद्धा भाव से वट सावित्री की पूजा की। कई माताओं ने पति की दीर्घायु के लिए तीन दिन का व्रत रखकर हवन-पूजन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए पेड़-पौधों को न काटने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। बच्चों ने भी पूजा में भाग लेकर वृक्ष लगाने की शपथ ली। ग्रामीणों ने कहा कि वट सावित्री व्रत न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि पर्यावरण चेतना से भी जोड़ता है।

### जनसंपर्क विभाग का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**बीजापुर।** भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम मिरतुर में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाकर छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने विभागीय स्टॉल में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जनसंपर्क विभाग द्वारा मासिक पत्रिका जनमन के साथ-साथ सुशासन के नवीन आयाम तब और अब, विकसित भारत के बढ़ते कदम, बिल्डिंग टूमारो छग टुडे, तथा अटल निर्माण वर्ष-2 साल रिपोर्ट कार्ड जैसी महत्वपूर्ण पुस्तिकाओं एवं प्रचार सामग्रियों का वितरण किया गया। स्टॉल में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा प्रदेश में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जानकारी सरल एवं आकर्षक तरीके से उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं ने प्रचार सामग्री प्राप्त कर शासन की योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई।

# मुख्यमंत्री से मिले राजस्व ग्राम पटेल संघ के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव के अगुवाई में राजस्व ग्राम पटेल संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान संगठन ने छत्तीसगढ़ में कार्यरत समस्त ग्राम पटेलों की बहुप्रतीक्षित मांगों को

■ मासिक मानदेय और संवैधानिक अधिकार की मांग पर कैबिनेट में लाने का आश्वासन

मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। ग्राम पटेल, जिन्हें ग्राम अधिकारी के नाम से भी जाना जाता है, लंबे समय से मासिक मानदेय और संवैधानिक अधिकार की मांग कर रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न मुद्दों से विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने ग्राम पटेल संघ की उपरोक्त मांगों को जायज बताते हुए उन्हें शीघ्र कैबिनेट में रखकर पूरा करने की बात कही। उन्होंने संगठन की एकता की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर कृष्णा राम जैन प्रदेश अध्यक्ष, कृष्ण चरण पटेल प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष, बलौदाबाजार, अनंत राम कश्यप संभागीय अध्यक्ष बस्तर संभाग, केशराम पंकज जिलाध्यक्ष, सारंगढ़ बिलाईगढ़, दुर्गेश साहू अध्यक्ष, तहसील टुण्डरा, शंकरलाल साहू सचिव, तहसील टुण्डरा, रतिराम कश्यप, अमरनाथ कश्यप, मन्नुलाल साहू, हेमंत कुर्रे, ज्ञान सिंह ठाकुर, गुरुदयाल साहू, गेंदराम साहू, धरम सिंह मौर्य, पुरन सिंह ठाकुर, सिवांसु निषाद सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# एपीएस की आकृति 97 प्रतिशत अंक के साथ संभाग में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बुधवार को प्रदेश में घोषित किए गए। बस्तर संभाग से अब तक सामने आए परिणाम के बाद आदेश्वर पब्लिक स्कूल ख़मारगांव, जगदलपुर की विज्ञान संकाय की छात्रा कु. आकृति नारायण जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं संभाग में प्रथम स्थान पर रहीं। उक्तशय की जानकारी स्कूल की प्राचार्या डॉ एकता सरडे ने दी है। स्कूल का ओवरऑल रिजल्ट उत्कृष्ट रहा। कु. आकृति, अमृत नारायण एवं श्रीमति रेखा नारायण की सुपुत्री हैं उन्होंने अपने उत्कृष्ट परिणाम से अपने परिवार के साथ स्कूल एवं जिले का नाम भी गौरवन्वित किया है। इसी स्कूल के छात्र वाणिज्य संकाय के ऋषभ सेठिया पिता कुलदीप सेठिया ने 87.2 प्रतिशत अंक, धीरज सुराना पिता संतोष सुराना ने 83.6 प्रतिशत अंक तथा विज्ञान संकाय की कविता देवागंन पिता दीपक देवागंन ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक ललित लुकंड ने छात्रों एवं शैक्षणिक संकाय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 23 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 12 के नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालय नगर पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वार्डवासी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और अपने आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में वार्ड क्रमांक 4 से 17, वार्ड क्रमांक 5 से 5 एवं वार्ड क्रमांक 12 से 1 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 23 आवेदन दर्ज किए गए तथा मौके स्थल पर 1 नागरिक का आधार कार्ड पंजीयन, 9 नागरिकों का आधार का अपडेट, 3 नागरिकों का आधार सुधार किया गया एवं 4 नागरिकों को श्रम कार्ड बनाया गया। इन आवेदनों में मुख्य रूप से हैण्डपम्प खनन, राशनकार्ड, उज्जवला गैस, सोलर सौर ऊर्जा, स्ट्रीट लाईट, भूमि पट्टा एवं अन्य निर्माण संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, साथ ही कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जावेगा। इस दौरान नगर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त वार्ड पार्षद, विधायक प्रतिनिधि तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# महंगाई की मार से जनता बेहाल, सरकार नाकामी छिपाने में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि आज देश गंभीर आर्थिक संकट और महंगाई की मार झेल रहा है यदि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां मजबूत होतीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रणनीति अपनाई गई होती, तो देशवासियों को आज इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।

बघेल ने कहा कि आज आम जनता एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों से परेशान है, वहीं पेट्रोल-डीजल की कीमतों ने लोगों की कमर तोड़ दी है आम नागरिक अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल दिखावटी फैसले लेने में व्यस्त है। सरकार के मंत्री अपनी सुरक्षा में कटौती कर ईंधन बचाने का दिखावा कर रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों का लंबा काफिला निकलता है, जिसमें भारी मात्रा में ईंधन खर्च होता है जब सरकार स्वयं अपने नियमों का पालन नहीं करती, तब जनता पर बोझ डालना उचित नहीं है।

बघेल ने नोटबंदी का जिक्र करते हुए कहा कि उस फैसले से भी आम जनता को कोई विशेष लाभ नहीं मिला, बल्कि लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा कोविड-19 महामारी के दौरान भी आम नागरिकों को अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ा, लेकिन सरकार ने अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास किया।

बस्तर विधायक ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती बेरोजगारी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है बार-बार हो रहे पेपर लीक के मामलों ने मेहनत करने वाले युवाओं की उम्मीदों को तोड़ा है वहीं अपराध की बढ़ती घटनाएं सरकार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। जनता अब सरकार की नीतियों को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी। सरकार को जनता की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाये।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली अनिता की जिंदगी

**दंतेवाड़ा।** जिले से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित विकासखंड दंतेवाड़ा अन्तर्गत ग्राम पंचायत कमालूर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां अधिकांश ग्रामीण खेती और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। इसी गांव की रहने वाली 28 वर्षीय सुश्री अनिता पेड़ो की जिंदगी भी संघर्षों से भरी रही है। कम उम्र में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी अनिता के कंधों पर आ गई। उनसे छोटे दो भाई और दो बहनों की देखभाल, पालन-पोषण और परिवार चलाने की चिंता ने उन्हें समय से पहले ही जिम्मेदार बना दिया। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण अनिता खेती और मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन करती थीं। लगातार कठिन परिस्थितियों का सामना करते-करते वे मानसिक रूप से भी काफी परेशान रहने लगी थीं।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के आईक्यूएसी सेल ने एआई टूल्स प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का अन्वेषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक टूल्स की जानकारी प्रदान करना तथा उनके व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता हर्षिता दास थीं जो कि जगदलपुर स्थित उड़ान आई, लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन में मास्टर ट्रेनर के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि वक्ता के स्वागत एवं परिचय के साथ किया गया। कार्यशाला के दौरान हर्षिता दास ने विभिन्न एआई टूल्स के उपयोग उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग तथा शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में उनकी उपयोगिता पर जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से एआई टूल्स का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं विभिन्न एआई आधारित प्लेटफॉर्म एवं टूल्स को एक्सप्लोर किया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया तथा एआई तकनीकों के उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान एवं कौशल प्राप्त किए।

# दुर्गम क्षेत्र में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के अतिदुर्गम एवं पहुंचविहीन क्षेत्र डोड़ी तुमनार (कुयेम गुमपुर) में पहली बार जिला स्तर के अधिकारी पहुंचे। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान 2026 के तहत आज 15 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

विकासखंड बीजापुर अंतर्गत आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य अभियान में स्वास्थ्य जांच दल द्वारा ग्रामीणों की व्यापक जांच की गई। शिविर में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, ऊंचाई एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गर्भवती माताओं की विशेष जांच एवं उपचार के साथ शिशुओं का टीकाकरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीबी एवं कुष्ठ रोग से संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनकी जांच की। साथ ही अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का उपचार भी किया गया। गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने हेतु एंबुलेंस सुविधा प्रदान कर उन्हें जिला चिकित्सालय बीजापुर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

दुर्गम क्षेत्र में पहली बार जिला स्तरीय अधिकारियों के पहुंचने से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के माध्यम से शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही है, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों में भरोसा और जागरूकता भी बढ़ा रही है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थानों पर घातक अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि कांकेर जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल, तलवार, भाला, बरछा, लाठी, गुप्ती अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं चलेगा। यह आदेश ऐसे शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए शस्त्र या लाठी रखना आवश्यक है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह, व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### टीप सेवा पुस्तिका में दर्ज करने की मांग



**चारामा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिक्षक संवर्ग द्वारा टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी जानकारी सेवा पुस्तिका में दर्ज किए जाने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा, बस्तर संभाग को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के निर्देशों के अनुसार शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। ऐसे में बस्तर संभाग में कार्यरत शिक्षक संवर्ग के जिन शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनकी सेवा पुस्तिका में इसका विधिवत इंद्राज किया जाना आवश्यक है।

### समर्थन मूल्य में वृद्धि, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : हेमेंद्र

**कांकेर।** केंद्र सरकार द्वारा खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए धान (सामान्य) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 72 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि किए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा ने इसे किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से देश के करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को उनकी उत्पादन लागत का बेहतर मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हेमेंद्र बंटी ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके उत्थान के लिए इस प्रकार के निर्णय आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



## विधायक आशाराम ने नौका विहार और एटीव्ही बाइक का किया शुभारंभ

# खमढोड़गी बना ग्रामीण पर्यटन और महिला सशक्तीकरण का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

खमढोड़गी में विकास, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण पर्यटन की दिशा में एक नई इबारत लिखी गई। प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक पहचान से समृद्ध इस गांव में विधायक आशाराम नेताम ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित व्यावसायिक भवन का लोकार्पण किया तथा जलाशय में नौका विहार और एटीव्ही बाइक सेवा का शुभारंभ कर ग्रामीण पर्यटन को नई गति प्रदान की। गांव को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए भविष्य में होमस्टे योजना शुरू करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि खमढोड़गी को एक आदर्श एवं मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। गांव के विकास के लिए जिन संसाधनों की आवश्यकता होगी, उन्हें उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में हो रहे विकास कार्य यहां के लोगों की सामूहिक भागीदारी, एकजुटता और ग्राम सभा की सक्रियता का परिणाम हैं। विधायक ने ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि गांव ने अपनी संस्कृति, स्वच्छता और सामाजिक एकता को जिस प्रकार बनाए रखा है, वह अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्रोत है। आने वाले समय में अन्य गांवों के लोग भी यहां आकर गांव की व्यवस्था, संस्कृति और जंगल, जल एवं जमीन से जुड़े प्रबंधन को समझेंगे और उसे अपने गांवों में अपनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने एटीव्ही बाइक सेवा का शुभारंभ भी किया। इस बाइक के माध्यम से पर्यटक आसपास के घने जंगलों और प्राकृतिक स्थलों का रोमांचक भ्रमण कर सकेंगे। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा नेचुरल एडवेंचर ट्रैक भी तैयार किया गया है, जिसमें अलग-अलग आकर्षक प्वाइंट विकसित किए गए हैं। यह पहल पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी बनेगी।





### खमडोढगी विकास की नई गाथा लिखेगा

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का संरक्षण और सही प्रबंधन गांव की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खमढोड़गी जिस प्रकार सामूहिक निर्णय, स्वच्छता, संस्कृति संरक्षण और एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसी कारण यह गांव जिले में विकास की नई पहचान बना रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से ग्राम सभा में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि ग्राम सभा की मजबूती ही गांव के विकास की असली ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन गांव के विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

### महिलाओं व ग्रामीणों में दिखा उत्साह

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल देखने को मिला। महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि गांव की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खमढोड़गी जलाशय के समीप महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा व्यावसायिक भवन का निर्माण किया गया है, जहां दुकान संचालन के माध्यम से महिलाएं आजीविका चला रही हैं। यह मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ महिला सशक्तिकरण का भी उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोकपुर की सरपंच निशा दुग्गा, सर्वआदिवासी समाज जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी, डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव, ग्राम सभा अध्यक्ष अनिता मंडावी, भूतपूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी यादव, जल संसाधन विभाग के एसडीओ एसआर जाटव, इंजीनियर अमन अवधिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुर्गुकोंदल में गहराया पेट्रोल-डीजल संकट घंटों लाइन में खड़े रहे वाहन चालक




**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की अचानक उत्पन्न हुई भारी किल्लत से आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। स्थानीय पेट्रोल पंपों में ईंधन खत्म होने के कारण सुबह से ही वाहन चालकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई लोग घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं होने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल और डीजल की सप्लाई बाधित होने के कारण क्षेत्र में ईंधन संकट लगातार गहराता जा रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि समय पर सप्लाई नहीं पहुंचने से यह स्थिति निर्मित हुई है। जैसे ही लोगों को ईंधन खत्म होने की सूचना मिली, पेट्रोल पंपों में अचानक भीड़ उमड़ पड़ी और वाहन चालकों की लंबी लाइन लग गई। ईंधन संकट का असर अब दैनिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। किसानों को खेती-किसानी से जुड़े कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं छोटे व्यापारियों को माल ढुलाई और बाजार आने-जाने में दिक्कत हो रही है। स्कूली छात्र, नौकरीपेशा लोग और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिक भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। कई स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने से समस्या और बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द हस्तक्षेप कर पेट्रोल-डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जल्द ही पेट्रोल-डीजल की नई खेप पहुंचने की संभावना है और स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि फिलहाल आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# आदर्श आचार संहिता का पालन कराने एमसीसी समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा एमसीसी समिति का गठन किया गया है।

जारी आदेश के तहत जनपद पंचायत कांकेर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर की अध्यक्षता में मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत कांकेर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कांकेर, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कांकेर, तहसीलदार कांकेर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर, थाना प्रभारी कांकेर, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग को शामिल करते हुए एमसीसी समिति का गठन किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत चारामा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जिसमें मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत चारामा, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग चारामा, अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल चारामा, तहसीलदार चारामा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर, थाना प्रभारी चारामा, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग तथा नगर पंचायत चारामा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा की अध्यक्षता में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत चारामा, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग चारामा, अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल चारामा, तहसीलदार चारामा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर, थाना प्रभारी चारामा, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग को एमसीसी समिति का सदस्य बनाया गया है। जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जिसमें मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत नरहरपुर, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नरहरपुर, अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल नरहरपुर, तहसीलदार नरहरपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर, थाना प्रभारी नरहरपुर, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग।

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर की अध्यक्षता में मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल भानुप्रतापपुर, तहसीलदार भानुप्रतापपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर, थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर की अध्यक्षता में मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर, अनुविभागीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल भानुप्रतापपुर, तहसीलदार दुर्गूकोंदल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर, थाना प्रभारी दुर्गूकोंदल, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग।

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर की अध्यक्षता में मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पखांजूर, अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पखांजूर, तहसीलदार कोयलीबेड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर, थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग और नगर पंचायत पखांजूर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर की अध्यक्षता में मुख्य नगरपालिका अधिकारी पखांजूर, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पखांजूर, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पखांजूर, तहसीलदार पखांजूर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर, थाना प्रभारी पखांजूर, प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित विभाग को सम्मिलित करते हुए एमसीसी समिति का गठन किया गया है।

# महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वट सावित्री व्रत एवं पूजा-अर्चना की गई। गांव के बरगद वृक्ष के पास सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी, जहां महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।

पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत लपेटा और वट वृक्ष की पूजा की। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत रखने से पति की आयु लंबी होती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। पूजा के दौरान महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण भी किया। कथा में माता सावित्री की अटूट निष्ठा, समर्पण और तपस्या का वर्णन किया गया, जिन्होंने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। पूरे पूजा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा संपन्न की तथा बाद में गांव के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। व्रत एवं पूजा में मोहनी यदु, चुनेश्वरी यदु, रिकेश्वरी पटेल, प्रीति पटेल, कुसुम पटेल, सपना मंडावी, सीता कुंजाम, मनीषा नेताम, लक्ष्मी पटेल, मीनाक्षी पटेल, साधना पटेल, कामेश्वरी मरकाम एवं रूपा पटेल सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और पारंपरिक आयोजन गांव की संस्कृति एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरे गांव में दिनभर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# सुशासन तिहार 2026 के तहत हाटकोंदल में शिविर आयोजित, ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में राज्यभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत दुर्गुकोंदल विकासखंड के 16 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर ग्राम पंचायत हाटकोंदल में जनसमस्या निवारण एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

आयोजित शिविर में कुल 71 नवीन आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया। सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर विकास राजू नायक ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसके जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बस्तर मुन्ने अभियान की भी विशेष चर्चा की गई।

विकास राजू नायक ने कहा कि यह अभियान अब दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नई पहचान बनता जा रहा है। अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रोजगार एवं पर्यटन विकास पर विशेष कार्य किए जा रहे हैं। शिविर के दौरान जनपद पंचायत द्वारा 8 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की चाबी, 54 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 21 किसानों को बी-1 खसरा, 36 लोगों को जॉब कार्ड, 5 हितग्राहियों को निजी डबरी एवं 33 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में सरपंच हरिषा, धनसाय हुर्रा, कमल सिंह दर्रो, सरपंच तुलसी मतलाम, सियाराम मंडावी, दुर्गा ध्रुव, सीता गावड़े, उमेश्वरी मंडावी, हिरेसिंह दर्रो, प्रेम पुड़ो, उपसरपंच इंद्रजीत परचापी, गंगाधर वाहिले, कुलदीप ठाकुर, सुरेंद्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कारोपण अधिकारी रमेश कुमार किशोरे, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, बीएमओ डॉ. मनोज किशोरे, एबीईओ अंजनी मंडावी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी देव कुमारी परिहार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**चारामा।** नगर चारामा में शनिवार को प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सावित्री मनोज मंडावी ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

स्वागत समारोह में कांग्रेस संगठन की एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन भी देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। पूरे आयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह और संगठनात्मक मजबूती साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव, गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा अध्यक्ष हिरवेन्द्र साहू, लोकेश किरी, पुरुषोत्तम गजेंद्र, यशवंत नायक, नगर पंचायत चारामा अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, मंजू सोनकर, सौरभ तारम, रानू कामलेश सेन, देवेन्द्र सोनी, अमृत देवांगन सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
**रामेश्वरम् धाम यात्रा**
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**आवश्यकता है**
छ.ग. महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा कंपनी की लीडिंग संस्थान
रालास ऑटोमोबाईल्स में कांकेर व पंखाजूर के लिए
जल्द से जल्द रिक्त पदों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है।

| क्रं. | पोस्ट | पद | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रांच मैनेजर | 02 | कांकेर, पंखाजूर |
| 2. | फिल्ड सेल्स कंसल्टेंट (फिल्ड वर्क) | 08 | कांकेर |
| 3. | फिल्ड सेल्स कंसल्टेंट (फिल्ड वर्क) | 05 | पंखाजूर |
| 4. | फिल्ड सेल्स कंसल्टेंट (फिल्ड वर्क) | 10 | भानुप्रतापपुर, माकड़ी, केशकाल, चारामा |
| 5. | सर्विस एडवाइजर | 06 | कांकेर |
| 6. | ड्राईवर | 04 | कांकेर, पंखाजूर |

योग्यता : *1 के लिए स्नातक / स्नातकोत्तर व ऑटोमोबाईल फिल्ड में 3 से 6 साल का कार्यानुभव.
*2 से 4 तक के लिए स्नातक / स्नातकोत्तर व ऑटोमोबाईल फिल्ड में 0 से 1 साल का कार्यानुभव.
*5 के लिए डिप्लोमा/डिग्री व ऑटोमोबाईल फिल्ड में 1 से 2 साल का कार्यानुभव.
*6 के लिए 10वीं पास व वैद्य लाइसेंस, गाड़ी चलाने के लिए 2 साल का कार्यानुभव अनिवार्य
एण्डरॉयड मोबाइल व बाईक होना अनिवार्य है
साक्षात्कार : सोमवार से शनिवार
दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
वेतन योग्यानुसार
**रालास ऑटोमोबाईल्स**
सेहराडबरी, रायपुर रोड, धमतरी मो. 9644402270, 9644402282
ईमेल: hr@ralasautomobiles.com